(b) No evidence of large scale diversion of opium into illicit channels has come to notice so far.

(c) Production of opium in India is regulated under strict licence control and supervision by the Central Government which inter alia includes 100% measurement of each plot on which poppy cultivation is undertaken by the cultivator, test-measurement thereafter by supervisory officers, constant monitoring of the crop conditions by senior departmental officers and daily weighment of produce of each cultivator during the period of lancing. Preventive/enforcement activities are intensified in and around poppy growing areas during the harvesting season and stringent penal measures are taken under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act for any violation. The qualifying yield for licence is also so fixed every year that the cultivators are discouraged from diverting any part of their produce. Incentives on the other hand are provided under the licensing policy for tendering high yield by the cultivators.

कस्टम अधिकारियों द्वारा जब्त किया गया गैर-कानूनी सामान

2262. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विगत तीन वर्षों के अन्दर कस्टम अधिकारियों द्वारा किस प्रकार का सामान जब्त किया गया है;

(ख) कितने लोगों के खिलाफ किस तरह की कार्यवाही की गई; और

(ग) क्या उन व्यक्तियों को जिन्होंने गैर-कानूनी ढंग से सामान ले जाने वाले लोगों को पकड़ा था, प्रस्तुत किया गया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) विगत तीन वर्षों के दौरान इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली पर सीमाशुल्क अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई मदों की मुख्य श्रेणियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

सोना, स्वापक औषध द्रव्य, विदेशी मुद्रा/भारतीय मुद्रा, अगर की लकड़ी, पुरातन कलात्मक वस्तुएं, कीट, बहुमूल्य रत्न, जीवित पक्षी, चन्दन की लकड़ी, औषधीय पाऊडर, वॉच मूवमेन्टस, हार्ड डिस्क ड्राईव्ज तथा विविध किस्म की इलैक्ट्रानिक वस्तुएं, चांदी की कणियां (ग्रैन्यूल्ज), होन्डा कारें, बाल बेयरिंग्ज, आटो पार्ट्स, पिंक डाइज, वॉच मूवमेन्ट्स के कैरेक्टर जेनरेटर व्हील संघटक।

(ख) इस संबंध में 227 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए थे। माल की तस्करी में ग्रस्त पाए गए व्यक्तियों पर न्यायनिर्णयन कार्यवाहियों में व्यक्तिगत रूप से अर्थदण्ड भी लगाए गए थे।

(ग) उन विभागीय अधिकारियों को, जिन्होंने तस्करी में शामिल व्यक्तियों को पकड़ा था, न्यायनिर्णयन संबंधी कार्यवाहियां पूरी होने पर पुरस्कार स्वीकृत किए गए हैं।

सोने का आयात

2263. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों में स्वर्ण आयात नीति के अन्तर्गत किन-किन देशों से कितनी-कितनी मात्रा में सोना आयात किया गया; और

(ख) क्या एक कस्टम अधिकारी ने दिल्ली हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी से संबंधित षड्यंत्र का पता लगाया है और पिछले एक वर्ष के दौरान ऐसे कितने मामलों का पता लगाया गया है और कितनी मात्रा में अवैध सोना जब्त किया गया है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) गत दो वर्षों के दौरान, दुबई, मस्कट, सऊदी अरब, रियाध, कुवैत, सिंगापुर, थाइलैण्ड, हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी और ब्रिटेन सहित बहुत से देशों से सोने का आयात किया गया है। प्रत्येक देश से किए गए आयात की मात्रा के आंकड़े नहीं रखे जा रहे हैं।

(ख) सीमा शुल्क अधिकारियों को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन के जरिए सोने की तस्करी किए जाने के प्रयासों की जानकारी है इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन पर 1-4-94 से 31-1-95 तक पकड़े गए कुल सोने की मात्रा का ब्यौरा इस प्रकार है:-

मामलों की संख्या	सोने की मात्रा
20	53.170 किलोग्राम

Permission given to foreign Banks by RBI to set up Branches

2264. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:-

(a) whether it is a fact that the Reserve Bank